आवश्यक / महत्वपूर्ण

संख्याः 970 / 33–पी0एम0यू0–2014–1284 / 2013

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्ध इकाई,
पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि,
उ0प्र0।

सेवा में,

जिलाधिकारी / अध्यक्ष परियोजना प्रबन्ध इकाई, बी0आर0जी0एफ0,
जनपद– अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बदायूं, चन्दौली, चित्रकूट, एटा, फतेहपुर, गोण्डा, गोरखपुर, फर्रूखाबाद, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद, कासगंज एवं उन्नाव।

परियोजना प्रबन्ध इकाई (बी0आर0जी0एफ0) लखनऊः दिनांकः 15 जुलाई, 2014

विषयः–पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 की अनुमोदित वार्षिक जिला योजना भारत सरकार को प्रेषित किया जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 674 / 33–3–2014–43 / 2014 दिनांक 09.04.2014 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा गाइडलाइन्स के अनुरूप वर्ष 2014–15 की वार्षिक योजना तैयार कर जिला योजना समिति से अनुमोदित कराने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त शासनादेश के प्रस्तर 2 (3) में कहा गया है कि ग्रामीण आन्तरिक मार्गों पर सी0सी0 रोड व के0सी0 ड्रेन का निर्माण कराते समय ग्राम पंचायतों के अंश की धनराशि का उपभोग सर्वप्रथम डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में किया जाएगा।

उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बी0आर0जी0एफ0 जनपदों के लोहिया ग्रामों में सी0सी0 रोड व के0सी0 ड्रेन निर्माण कराने के लिए सर्वप्रथम 2013–14 में चयनित सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन निर्माण से असंतृप्त समग्र ग्रामों को वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाए और उसके पश्चात ही वर्ष 2014–15 में चयनित ग्रामों को लिया जाए।

अतः कृपया वर्ष 2014–15 की ग्राम पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार कराते समय तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव / अध्यक्ष,
पी0एम0यू0

Gen-1

पत्रांक : 970/33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013, तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त मण्डलायुक्त, बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
3. समस्त मण्डलीय उप निदेशक (पंचायत), बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
4. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
5. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
6. पंचायतीराज अनुभाग–3।

(एच0 एस0 चतुर्वेदी)
विशेष सचिव/परियोजना
निदेशक।

Gen-1